# मेरठ कॉलेज, मेरठ
# Newsletter

सत्र: 2024–25
अंक–2 (द्वैमासिक)
नवम्बर–दिसम्बर 2024

*(A 'NAAC' Accredited College)*
*Awarded "College with Potential for Excellence" by U.G.C.*
*Star Status, DBT, Govt. of India*
*Website : mcm.ac.in    E-mail : principal_mcm1892@ymail.com*


## मेरठ कॉलेज का नैक पोर्टल हुआ लॉन्च



मेरठ कॉलेज का नेक पोर्टल लॉन्च करते श्री विवेक गर्ग, डा. मनोज रावत एवं डा. अर्चना सिंह

दिनांक 12 नवंबर 2024 दिन मंगलवार को मेरठ कॉलेज के सेमीनार हाल में नैक से संबंधित पोर्टल लॉन्च किया गया। इस नैक पोर्टल का लोकार्पण मेरठ कॉलेज के 200 से भी अधिक प्रोफेसरों के समक्ष सॉफ्टवेयर कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग एवं प्राचार्य प्रो मनोज कुमार रावत ने इस नैक पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन सेल की समन्वयक प्रो अर्चना सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने सभागार को सूचित किया कि पिछले वर्ष से मेरठ कॉलेज में नैक की तैयारी युद्ध स्तर पर चली है। 100 से भी अधिक भिन्न–भिन्न प्रकार की गतिविधियां सफलतापूर्वक पूरी की गई जिसमें अनेक ब्रिज कोर्स, प्रोजेक्ट एवं छात्रों एवं कर्मचारियों की ट्रेनिंग प्रोग्राम शामिल हैं। पिछले 5 वर्षों में यदि देखा जाए तो मेरठ कॉलेज में एक करोड़ से भी अधिक के शोध प्रोजेक्ट भिन्न–भिन्न सरकारी संस्थाओं द्वारा दिए गए हैं और प्रोजेक्ट संख्या की दृष्टि से मेरठ कॉलेज उत्तर प्रदेश में मुख्यतम कॉलेज है। सॉफ्टवेयर कंपनी के प्रतिनिधियों ने सॉफ्टवेयर और नैक पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस पोर्टल में विभाग अध्यक्ष, शिक्षक एवं विभिन्न कमेटी के समन्वयक अलग–अलग लॉगिन करके डाटा अपलोड करेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को यूनिक लॉगिन आईडी दी जाएगी। नैक पोर्टल में आगे चार हिस्से होंगे। जिनको कैटेगरी के अनुसार भरा जाएगा। यूजीसी की नई नियमावली के अनुसार प्रत्येक शैक्षिक संस्थान को नैक से संबंधित यह पोर्टल बनाना अनिवार्य है। मेरठ कॉलेज पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अग्रणी संस्थान है अतः यह प्रदेश के उन गिने–चुने महाविद्यालय में है जिन्होंने अभी तक यह नैक पोर्टल लॉन्च किया है।



## खो–खो में मेरठ कॉलेज बना चौंपियन

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन डी.एन. कॉलेज, गुलावटी में दिनाँक 19 व 20 नवंबर को किया गया। जिसमें कई महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला मेरठ कॉलेज, मेरठ व एन ए एस कॉलेज, मेरठ के बीच में हुआ जिसमें मेरठ कॉलेज, मेरठ की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया। टीम मैनेजर सुधीर मलिक ने बताया कि अब इस टीम से चयनित खिलाड़ी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार एवं मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार रावत ने टीम को शुभकामनाएं दीं।



सचिव मेरठ कॉलेज श्री विवेक गर्ग कैडेट को सम्मानित करते हुए

## मेरठ कॉलेज के एनसीसी कैडेट हरमनप्रीत सिंह ने जीता मुख्यमंत्री गोल्ड मेडल

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समृद्ध विरासत वाले विशालकाय मेरठ कॉलेज में वर्ष भर उपलब्धियों का तांता लगा रहता है। मेरठ कॉलेज में एनसीसी के कैडेट हरमनप्रीत सिंह ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री गोल्ड मेडल जीत लिया है। इसकी विधिवत घोषणा उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय, लखनऊ द्वारा अपने पत्र द्वारा की गई है। उल्लेखनीय है कि देशभर में 77 वां एनसीसी दिवस 24 नवंबर 2024 को मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में भी प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 24 नवंबर 2024 को लेफ्टिनेंट पुनीत दत्त ऑडिटोरियम में यह दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एनसीसी के विभिन्न कैडेटों को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल देकर सम्मानित करेंगे। मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग एवं एनसीसी अधिकारी श्री परमजीत सिंह ने कैडेट हरमनप्रीत को आज एनसीसी ग्राउंड में सम्मानित किया।



मेरठ कॉलेज के भूगोल विभाग में दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन

## भूगोल विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक शुभारंभ

24 नवंबर 2024 को भूगोल विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली (ICSSR) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक शुभारंभ हुआ। सेमिनार का विषय "जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाएं : तत्परता, अल्पीकरण और प्रबंधन रणनीतियां" रहा।

कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय, बरेली के कुलपति प्रोफेसर के. पी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में और मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर राजीव कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने उद्घाटन भाषण में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरों और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों पर गहराई से चर्चा की। प्रोफेसर सिंह ने कहा, जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह हमारी अर्थव्यवस्था, समाज और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गहरा प्रभाव डालता है। हमें आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ठोस नीति और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता के रूप में जे.एन.यू. के प्रोफेसर मिलाप पूनिया और प्रोफेसर विनय शंकर प्रसाद सिन्हा ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक और स्थानीय प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए प्रबंधन रणनीतियों की विस्तृत चर्चा की। प्रोफेसर पूनिया ने जलवायु अनुकूलन और सतत् विकास के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षता प्रोफेसर उत्तम कुमार, भूगोल विभाग, एम.एम.एच. कॉलेज, गाजियाबाद ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए हमें स्थानीय संसाधनों का कुशल प्रबंधन करना होगा और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़ना होगा।" दूसरे सत्र में 14 शोधपत्र प्रस्तुत किये गये। सेमिनार में मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार रावत ने कहा, 'इस सेमिनार का उद्देश्य न केवल विषय पर जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को इस क्षेत्र में नए विचारों के लिए प्रेरित करना है।' सेमिनार के संयोजक प्रोफेसर नीरज तोमर ने सेमिनार की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

## प्रथम बार उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की समिति द्वारा अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण हेतु आवेदकों का किया गया साक्षात्कार

23 नवंबर 2024 को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा मेरठ कॉलेज के विधि संकाय में पहली बार उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की समिति द्वारा अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण के आवेदकों का साक्षात्कार किया गया। इस साक्षात्कार का संचालन उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन श्री आई.एम. खान और विषय विशेषज्ञ प्रो. प्रवीण दुबलिश द्वारा किया गया। इस प्रक्रिया में 63 छात्रों को बुलाया गया, जिनमें से 57 छात्र उपस्थित हुए। इस अनूठी पहल का उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना था और जो छात्र इस वाइवा में सफल नहीं हो सके, उन्हें अगले सत्र में फिर से मौका दिया जाएगा। विधि संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर पांडेय और विधि विभाग के अन्य सदस्यों ने इस प्रक्रिया को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।



विधि विभाग मेरठ कॉलेज में अधिवक्ता हेतु साक्षात्कार होते हुए

## मेरठ कॉलेज के मूट कोर्ट में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

25/11/2024 को कॉलेज के विधि विभाग के मूट कोर्ट हाल में संविधान दिवस के अवसर पर एक शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी का संचालन प्रोफेसर मुरारी प्रसाद वर्मा ने किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजवीर सिंह रहे और विशिष्ट अतिथि जस्टिस अजीत सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ कॉलेज प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार रावत, विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ कामेश्वर प्रसाद एवं इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ हरिशंकर राय भी उपस्थित थे। कॉलेज के अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश अग्रवाल ने जस्टिस राजवीर सिंह को महात्मा बताया और कहा कि यदि कोर्ट की छुट्टी होती है तो यह ऋषिकेश के आश्रम में अपना समय व्यतीत करते हैं। इसी प्रकार जस्टिस अजीत सिंह को कर्म की दृष्टि से उन्होंने महात्मा कहा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जस्टिस राजवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने 1984 में मेरठ कॉलेज से ही बीएससी की थी और फिर एलएल.बी. और एलएल.एम. भी यहीं से पूर्ण किया। 2005 में उनका चयन हायर जुडिशरी सर्विसेज में हो गया था और इसके बाद वह बरेली और लखीमपुर खीरी इत्यादि जिलों में जिला जज रहे। 2018 में वह इलाहाबाद हाईकोर्ट में नियुक्त कर दिए गए। उन्होंने संविधान निर्माण की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में राजनीतिक परिवर्तन हुआ और ब्रिटेन में भी लेबर पार्टी की सरकार आई। उसके बाद हिंदुस्तान में राष्ट्रीय आंदोलन तेजी से चल रहा था। ऐसे में जुलाई 1947 में इंडिया इंडिपेंडेंस एक्ट ब्रिटेन ने पारित किया जिसके अनुसार 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ। किंतु आजादी दो हिस्सों में मिली भारत और पाकिस्तान। जस्टिस राजवीर सिंह ने आगे बताया कि उसके बाद देश के सामने चुनौती थी कि किस प्रकार की व्यवस्था से देश को चलाया जाए। अतः संविधान सभा बनाई गई और इस संविधान सभा ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में तर्क वितर्क के माध्यम से यह विशाल संविधान तैयार किया। संविधान सभा में इसको 26–11–1949 को स्वीकृत किया गया और 26 जनवरी 1950 से संपूर्ण देश में लागू कर दिया गया।



इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रयागराज से पधारे जस्टिस राजवीर सिंह एवं जस्टिस अजीत सिंह



बाएं से श्री विवेक गर्ग, डॉ ओपी अग्रवाल, जस्टिस अजीत सिंह, जस्टिस राजवीर सिंह एवं डॉ मनोज रावत




## विश्व एड्स दिवस का हुआ सफल आयोजन

30.11.2024 को विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर मेरठ कॉलेज की चिकित्सा समिति एवं रोवर रेंजर समिति के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के शताब्दी द्वार पर कालेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार रावत, प्रबंध समिति के सचिव श्री विवेक गर्ग, मुख्य नियंता प्रो. नरेश कुमार के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के चिकित्सा समिति के संयोजक प्रो. दयानन्द द्विवेदी तथा सदस्य प्रो. सचिन शर्मा, प्रो. नीलम पवार ने छात्रों को एड्स के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि एड्स लाइलाज बीमारी है, इसकी जानकारी तथा जागरूकता से ही इससे बचा जा सकता है।

## मेरठ कॉलेज में हुआ सरस्वती महिला छात्रावास का उदघाटन



पूर्व एम.एल.सी. डॉ. सरोजनी अग्रवाल ने किया सरस्वती महिला छात्रावास का लोकार्पण

दिनांक 9 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को सुबह 11:00 बजे मेरठ कॉलेज में पूर्व एमएलसी डॉक्टर सरोजनी अग्रवाल ने सरस्वती महिला छात्रावास का लोकार्पण किया। मेरठ कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रबंध समिति कार्यकारिणी के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग, अतिरिक्त सचिव श्री शुभेंदु मित्तल एवं संरक्षक डॉ रामकुमार गुप्ता ने सरोजनी अग्रवाल के साथ मिलकर फीता काटकर विधिवत रूप से सरस्वती महिला छात्रावास की शुरुआत की। इस उदघाटन कार्यक्रम में मेरठ कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं मेरठ प्रबंध समिति कार्यकारिणी के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। उपस्थित प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों में श्री सुशील कुमार, श्री संजीवेश्वर प्रकाश, श्री रवि बिश्नोई, श्री पंकज मित्तल, श्री विजय मित्तल, श्री मोहित जैन, अंकुर जैन एवं श्री अनुज बंसल ने महिला छात्रावास के पुनः प्रारंभ होने पर मेरठ कॉलेज की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का संचालन सरस्वती महिला छात्रावास की वार्डन डॉक्टर श्वेता जैन एवं चंद्रशेखर भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. ओपी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस सरस्वती महिला छात्रावास का जीर्णोद्धार उन्होंने अपने बड़े भाई सेठ दयानंद गुप्ता की स्मृति के रूप में किया है। सेठ दयानंद गुप्ता के सुपुत्र सेठ अजय अग्रवाल ने सरस्वती महिला छात्रावास के शुभारंभ पर कहा कि उनका परिवार सदैव मेरठ कॉलेज के हित में कार्य करता रहेगा।

## सरकार और समाज के जुड़ने से आता है परिवर्तन : कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय







ओलम्पियन सुमंगला शर्मा को सम्मानित करते कैबिनट मन्त्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय

14.12.2024 को दोपहर 12:00 बजे से मेरठ कॉलेज के विधि विभाग के विशालकाय मूट कोर्ट हाल में कॉलेज का वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि माननीय श्री योगेंद्र उपाध्याय, कैबिनेट मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार थे। इस कार्यक्रम में न केवल वर्ष भर की खेलकूदों से संबंधित उपलब्धियां बताई गई बल्कि इस कार्यक्रम में मेरठ कॉलेज ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देश को दिए हैं उनका सम्मान भी किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाने वाली ओलंपियन सुमंगला शर्मा इस कार्यक्रम में उपस्थित थी, जिन्होंने तीरंदाजी में देश का नाम रोशन किया था। इसी तरह गोला फेंक प्रतियोगिता में एशियाई मेडलिस्ट प्रथम भारतीय महिला के रूप में किरण बालियान ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इन दोनों को माननीय कैबिनेट मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय जी के द्वारा सम्मानित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने मेरठ कॉलेज के ललित कला विभाग में एक कला दीर्घा का उदघाटन भी किया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि जिस मेरठ की धरती ने अनेक क्रांतिकारी, शिक्षाविद और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश को दिए हैं, मैं आज उस स्थान पर विद्यमान हूं उन्होंने खिलाड़ियों का आवाहन करते हुए कहा कि जिनको भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल मिलते हैं उन्हें समाज में रोल मॉडल बनना होगा। उन्हें युवाओं का पथ प्रदर्शक बनाकर प्रेरणा देनी होगी। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया की सपने देखें और जुझारू तरीके से उन्हें पूरा करें। कैबिनेट मंत्री ने श्री राम का उदाहरण देते हुए बताया कि 24 वर्ष में किस प्रकार उन्हें चौदह वर्षों के लिए वनवास मिला और उन्होंने इस अवधि में उत्तर और दक्षिण भारत को एक कर दिया। इसी प्रकार श्री कृष्ण ने 16 वर्ष की आयु में कंस से मथुरा को मुक्ति दिलाई। कृष्ण ने पश्चिम से पूर्व दिशा की तरफ भारत को एक किया। कैबिनेट मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने युवाओं का आवाहन किया कि वह शंकराचार्य, विवेकानंद, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे व्यक्तियों से प्रेरणा प्राप्त कर राष्ट्र की सेवा में लग जाए। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन आधार स्तंभ भी बताएं जिनमें संस्कार, रोजगार एवं तकनीक शामिल है। इस कार्यक्रम में मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक गर्ग ने अपने 100 दिन के कार्यकाल की उपलब्धियां का कार्यव्रत प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया की 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर उन्होंने शिक्षकों एवं छात्रों का सम्मान किया। उनके ही कार्यकाल में महाविद्यालय में बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, मेरठ शहर के महापौर हरिकांत अहलूवालिया और मेरठ कैंट के विधायक अमित अग्रवाल जी पधारे और उन्होंने छात्रों को तकनीक के प्रति इच्छा शक्ति बढ़ाने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार रावत ने बताया कि आज का दिन मेरठ कॉलेज के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आज उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी कैबिनेट मन्त्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय स्वयं महाविद्यालय पधारे हैं। उन्होंने कहा कि मेरठ कॉलेज में उनका प्राचार्य के रूप में आगमन मेरठ कॉलेज के लिए परिवर्तनकारी साबित होगा और मेरठ कॉलेज सभी दिशाओं में उन्नति करेगा। मेरठ कॉलेज के अध्यक्ष डॉ ओपी अग्रवाल ने बताया कि मेरठ कॉलेज न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि संपूर्ण देश का एक महत्वपूर्ण महाविद्यालय है। इसने देश को सामाजिक क्षेत्र, राजनीतिक क्षेत्र एवं खेलकूद के क्षेत्र में अनेक योगदान दिए हैं। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि कर्म को ही अपनी पूजा बनाएं क्योंकि मेहनत का कोई भी विकल्प नहीं है और मेहनत से कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। डॉ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिवर्ष 28 खेल प्रतियोगिता आयोजित होती है इनमें से 18 खेल प्रतियोगिताओं में मेरठ कॉलेज ने अपना झंडा फहरा दिया है। इस वर्ष मेरठ कॉलेज ने अंतर महाविद्यालय टीमों में 180 पुरुष एवं 87 महिला खिलाड़ी भेजें अर्थात कुल 1 वर्ष में 267 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मंच का संचालन डॉक्टर निशा मनीष ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी डॉक्टर सरोजनी अग्रवाल ने की।

## मेरठ कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग ने मनाया प्रो वी. पुरी का 115 वां जन्म स्मृति समारोह

10 दिसंबर 2024 को वनस्पति विज्ञान विभाग, मेरठ कॉलेज में विश्व विख्यात वैज्ञानिक प्रोफेसर वी. पुरी का 115 वाँ जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक अंतर महाविद्यालय पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न




कॉलेजों से आकर छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग तथा प्राचार्य डॉ मनोज कुमार रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रो ए एम बेंद्रे ने बताया कि प्रो पुरी मुख्य रूप से प्लांट मोरफोलॉजी टैक्सोनॉमी तथा इवोल्यूशन क्षेत्र से जुड़े रहे। प्रोफेसर पी.सी. पांडे ने बताया की न्यूयॉर्क प्रवास के समय उनका प्रसिद्ध पेपर 'फ्लोरल एनाटॉमी इन सॉल्यूशन आफ मोरफोलॉजिकल प्रॉब्लम' प्रकाशित हुआ था। मंच संचालन प्रोफेसर हरजिंदर सिंह ने किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आरसी आर्य के नेतृत्व में हुआ।



## मेरठ कॉलेज के नेतृत्व में बनेगा फोरम ऑफ गवर्नमेंट ऐडेड कॉलेज, उत्तर प्रदेशः विवेक गर्ग

15 दिसंबर 2024 को कॉलेज के ऐतिहासिक कमेटी हॉल में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबंधित सभी एडिड कॉलेज के प्रबंध तंत्रों की एक बैठक मेरठ कॉलेज के अवैतनिक मंत्री श्री विवेक गर्ग के नेतृत्व में बुलाई गई। जिसमें 17 महाविद्यालयों के प्रबंध तंत्रों ने प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में 39 ऐडेड कॉलेज आते हैं। इस सभा में श्री वेदपाल सिंह भाटी एवं श्री विवेक कुमार गर्ग के नेतृत्व में एडिड कॉलेज के प्रबंध तंत्रों की समस्याओं पर विचार किया गया और सामूहिक रूप से सर्वसम्मति से यह तय हुआ की उत्तर प्रदेश में ऐडेड कॉलेज की मांगों को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक संगठन निर्मित हो, जिसका नाम फोरम ऑफ गवर्नमेंट ऐडेड कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन आफ उत्तर प्रदेश रखा गया।

## चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को मेरठ कॉलेज ने घोषित किया पुरातन छात्र दिवस

### मेरठ कॉलेज में धूमधाम से मना विशाल पुरातन छात्र सम्मेलन

दिनांक 23.12.2024 दिन सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विशालकाय मेरठ कॉलेज में सुबह 10:00 बजे से पुरातन छात्र दिवस सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का आरंभ केंद्रीय लाइब्रेरी भवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुरातन छात्रों बागपत के जिला जज श्री संजय मलिक एवं बागपत सांसद राजकुमार सांगवान द्वारा माल्यार्पण करके किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेरठ कॉलेज के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में बागपत से सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान थे। डॉ संगवान ने चौधरी चरण सिंह के जीवन एवं मूल्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उल्लेखनीय है कि आज 23 दिसंबर को स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी का जन्म दिवस भी है और कॉलेज प्रबंध तंत्र ने चौधरी साहब के जन्म दिवस को सदा के लिए पुरातन छात्र सम्मेलन दिवस घोषित कर दिया है। मेरठ कॉलेज के मंत्री श्री विवेक कुमार गर्ग ने पुरातन छात्र सभा को संबोधित करते हुए पुरातन छात्रों से आह्वान किया कि उन्होंने जरूरतमंद छात्रों की मदद के लिए एक मेरठ कॉलेज छात्रवृत्ति कोष बनाया है। इस कोष में कोई भी पुरातन छात्र अपने या अपने संबंधी के नाम से स्कॉलरशिप चलवा सकता है। इसके लिए पुरातन छात्र को एक लाख अथवा उसके गुणक में पैसे इस कोष में जमा करने होंगे, जिससे जरूरतमंद छात्र को 7000 वार्षिक की आर्थिक मदद 15 वर्षों तक प्रदान की जाएगी। छात्र का चयन विभाग स्तर पर किया जाएगा और विभाग का निर्णय ही अंतिम माना जाएगा। उन्होंने इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम का वर्गीकरण करते हुए कहा कि इसमें चार श्रेणियां होंगी। जो एक लाख रुपए देगा वह स्टार डोनर, जो 3 लाख देगा वह सिल्वर डोनर, जो 5 लाख देगा वह गोल्ड डोनर और जो 10 लाख रुपए दान करेगा वह प्लैटिनम डोनर कहा जाएगा। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि शुरुआती तीन दिनों में ही 50 लाख की राशि की स्कॉलरशिप के सहमति पत्र प्राप्त हो गए हैं। गणमान्य व्यक्तियों में इतिहास विभाग में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री निशांत जैन, इतिहासकार डॉ केडी शर्मा, पुलिस सेवा के श्री सुधीर सिंह, श्री अनुराग गौड़, श्री अमित बंसल, डॉ जीनत जैदी, विधि विभाग से बांदा के जिला जज श्री बब्बू सारंग, चित्रकूट के जिला जज श्री विकास, रामपुर के जिला जज डॉ विजय तालियान, हापुड़ की एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज सुश्री रीमा बंसल, श्री हनी गोयल, श्री उमाकांत, बहराइच के पवन कुमार शर्मा और ग्वालियर के सिविल जज महेंद्र सैनी विशेष रूप से कार्यक्रम में पधारे। इसके अतिरिक्त नानक चंद कॉलेज के सचिव श्री अमित शर्मा एवं माछरा डिग्री कॉलेज के सचिव श्री अमित त्यागी भी उपस्थित थे।



पुरातन छात्र सम्मेलन



पुरातन छात्र बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान




## अबू धाबी से पधारे प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर प्रमोद कुमार

पुरातन छात्रों की यादें मेरठ कॉलेज परिसर से सदैव जुड़ी रहती हैं। इसी क्रम में अबू धाबी में क्वॉन्टलेस अनुसंधान तथा नवाचार के निदेशक डॉ प्रमोद कुमार मेरठ कॉलेज परिसर भ्रमण के लिए आए। उन्होंने कोविड–19 के लिए लेजर आधारित डी पी आई तकनीक विकसित की है।

–:: संरक्षक ::–
प्रो० मनोज कुमार रावत
प्राचार्य, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: सम्पादक ::–
प्रो० चन्द्रशेखर भारद्वाज
इतिहास विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: न्यूजलैटर समिति ::–
1. प्रो. प्रवीण दुबलिश
2. प्रो. रामयज्ञ मौर्य
3. प्रो. अर्चना सिंह
4. प्रो. हरजिंदर सिंह